# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891


विज्ञापन संख्या : जे.सी.ई.सी.ई.बी./13/20 –97 ,राँची/दिनांकः 31/12/2020

**पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2020–21 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु ऑनलाईन विशेष साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना**

राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2020–21 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के तृतीय सेमेस्टर/द्वितीय वर्ष में पूर्व आयोजित ऑनलाईन साक्षात्कारों से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु दिनांक–02.01.2021 से पर्षद द्वारा ऑनलाईन विशेष साक्षात्कार आयोजित की जा रही है।

2. अयोग्य घोषित किये गये आवेदकों द्वारा यदि अर्हक परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त कर लिया गया है तथा उक्त विशेष साक्षात्कार में शामिल होने के लिये ईच्छुक हैं तो वे कंडिका–6 में यथानिर्धारित तिथि एवं समय तक आवेदन पत्र में प्राप्तांक प्रतिशत दर्ज तथा अंक पत्र को भारित कर सकते हैं।

3. इस साक्षात्कार में वैसे सभी योग्य अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जो पूर्व में आयोजित साक्षात्कारों के आधार पर या तो संस्थान में नामांकित हैं या फिर अनामांकित हैं। कोटि एवं कोटा या अर्हक परीक्षा में प्राप्तांक प्रतिशत में भिन्नता की वजह से वंचित रह गये अभ्यर्थी भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

4. किसी संस्थान में नामांकित अभ्यर्थी को विशेष साक्षात्कार में कोई संस्थान एवं शाखा पुःनर्आवंटित होता है तो पूर्व आवंटित संस्थान एवं शाखा में उनका नामांकन स्वतः समाप्त हो जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

5. डिप्लोमा पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में पार्श्विक प्रवेश अंतर्गत नामांकन के लिये ईच्छुक आवेदक जो किसी कारणवश पूर्व में ऑनलाईन आवेदन नहीं कर सके हैं वे दिनांक 02.01.2021 से दिनांक 04.01.2021 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के पूर्व आवेदक पर्षद के वेबसाईट पर भारित डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2020 की सूचना विवरणिका (Information Bulletin) को अवश्य पढ़ लें।

6. विशेष साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Online Application Form Submission by New Candidates | 02.01.2021 to 04.01.2021 |
| 2. | Edit/Fill Obtained Marks % & Uploading of Marks-Sheet of Qualifying Examination (For All Candidates) | 05.01.2021 (up to 06.00 P.M.) |
| 3. | Publication of Provisional Merit List for Special Round of Counselling | 06.01.2021 |
| 4. | Objections on Provisional Merit List (In case of any discrepancies/anomalies, the applicant must inform the Board for correction with supporting Document(s) on the e-mail id – jceceboard@gmail.com) | 07.01.2021 |
| 5. | Publication of Final Merit List for Special Round of Counselling | 08.01.2021 |
| 5. | Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 09.01.2021 to 10.01.2021 |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 12.01.2021 to 15.01.2021 |
| 7. | Documents Verification and Admission in the Concerned Institute | 12.01.2021 to 15.01.2021 |

7. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in Polytechnic (Lateral Entry)-2020" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।**

8. **आवेदन शुल्क (नये आवेदकों के लिये) तथा साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन तथा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category/Quota | Application Fee | Counselling Fee |
|---|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 650.00 | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidates of All Categories | Rs. 325.00 | Rs. 250.00 |
| 3. | Divyang Candidates | - | As Per Category |

9. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–8 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेकर अध्ययन जारी रखते हैं तो उक्त राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा पर्षद द्वारा उसे जब्त (Seize) कर ली जायेगी। नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन शुल्क की राशि देय नहीं होगी।

10. निःशक्तजनों की प्रवर्ग–वार आरक्षित सीटों के विरूद्ध निःशक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में अन्य प्रवर्ग के निःशक्तों को नियमानुसार सीटें आवंटित की जायेगी। इसके उपरान्त भी सीटें रिक्त रह जाती है तो उसे संबंधित कोटियों में सामंजित कर दी जायेगी।

पर्षद के वेबसाईट पर भारित डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2020 की सूचना विवरणिका (Information Bulletin) में निहित शेष नियम एवं शर्त्तें यथावत् रहेंगी एवं विज्ञापन संख्या–जे0सी0ई0सी0ई0बी0/13/20–88 दिनांक–19.12.2020 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक